जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2022/ 28 दिनांक : 28/09/2022

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अति आवश्यक सूचना

विषयः- **स्नातक - B.SC /B.A./B.COM I YEAR N.E.P. MARCH -2022 PRIVATE की प्रायोगिक परीक्षाओं एवं आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक परीक्षा, के अंक ऑनलाइन अपडेट किये जाने हेतु ।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक 58/08/2022/38, दिनांक 25.01.2022 ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त वर्णित कक्षाओं हेतु समस्त अस्थांगत परीक्षा के परीक्षार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन संपादित कराकर उनके अंक दिनांक **29/09/2022 तक** एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपडेट करें।

विशेष नोटः- प्रायः यह देखा जा रहा है कि असंस्थागत छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने में महाविद्यालय रुचि नही ले रहे है । अतः सभी सम्बन्धित महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि आन्तरिक मूल्यांकन के अंक शीघ्र अतिशीघ्र अपडेट करें । ताकि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा तय की गई नियत तिथि तक परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सकें । यदि नियत तिथि तक आन्तरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट नहीं किये जाते है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा । आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। पोर्टल पर अंक भरते समय पर किसी भी परीक्षार्थी के अनुक्रमांक के सम्मुख अंकित कॉलम में अंक अथवा अनुपस्थित (ABSENT) ही अंकित करें। प्रदर्शित शीट में रिक्त अथवा डेस/अन्य कुछ अंकित नहीं करें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं करने अथवा आंतरिक मूल्यांकन के अंक हेतु निर्धारित पोर्टल पर अंक अपडेट नहीं होने की दशा में छात्र को उक्त विषय में अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय प्राचार्य का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन अंक मान्य नहीं किये जावेगे। अंक निर्धारित अवधि में अपडेट नहीं करने पर माननीय कार्यपरिषद के निर्णय अनुसार अर्थदंड की शस्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जावेगी ।

परीक्षा नियंत्रक
28/09/22

प्रतिलिपिः-

1.समस्त, संपादक, स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में प्रसारित करने हेतु।
2.कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3.कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4.उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5.श्री संजय बरथरिया एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर प्रायोगिक/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाने हेतु पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप/सहा0 कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)